दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-258
मुरादाबाद
08 January 2025
(Wednesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान, 8 को आएंगे नतीजे

### यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस, दिल्ली विधानसभा चुनाव के एलान के मौके पर बोले CEC राजीव कुमार

15 मई को 2024 को राजीव कुमार ने 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली थी। वह एक सितंबर 2020 से बतौर निर्वाचन आयुक्त चुनाव आयोग से जुड़े थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस है।दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त



**दिल्ली में इस तरह है चुनाव कार्यक्रम**

चुनाव की अधिसूचना- 10 जनवरी
नामांकन की आखिरी तारीख- 17 जनवरी
नामांकन पत्रों की जांच- 18 जनवरी
नाम वापसी का अंतिम दिन- 20 जनवरी
मतदान की तारीख- 5 फरवरी
मतगणना की तारीख- 8 फरवरी

राजीव कुमार ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यह मेरी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यकाल खत्म होने का संकेत दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार इसी साल फरवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपनी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने ईवीएम से लेकर अतिरिक्त वोटों को लेकर चुनाव आयोगों पर लगे आरोपों का जवाब दिया। 15 मई को 2024 को राजीव कुमार ने 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली थी। वह एक सितंबर 2020 से बतौर निर्वाचन आयुक्त चुनाव आयोग से जुड़े थे। चुनाव आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान 2020 में बिहार की राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए। मार्च में कोविड संक्रमण के बीच असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव हुए। वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में उन्होंने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव, लोकसभा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए। कौन हैं राजीव कुमार?- राजीव कुमार का जन्म 19 फरवरी, 1960 को हुआ था। वे 1984 बैच के आईएएस अफसर हैं। उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में 36 साल तक काम किया। केंद्र के कई मंत्रालयों के अलावा उन्होंने अपने बिहार-झारखंड कैडर में भी लंबे समय तक सेवाएं दीं। राजीव कुमार बीएससी के साथ वकालत में एलएलबी, पीजीडीएम और लोक नीति से एमए भी किया है। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक, पर्यावरण-वन, मानव संसाधान, वित्त और बैंकिंग सेक्टर में भी काम किया है। वे फरवरी 2020 में ही केंद्रीय वित्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। छह साल का होता है चुनाव आयुक्त का कार्यकाल- राजीव कुमार को एक सितंबर 2020 को चुनाव आयोग में आयुक्त के तौर पर नियुक्ति मिली थी। नियमों के मुताबिक, चुनाव आयुक्त का कार्यकाल छह साल या 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) उस समय तक होता है। चूंकि, कुमार का जन्म फरवरी, 1960 को हुआ था, इसलिए उनका कार्यकाल 2025 तक है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त होने वाला है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी 2025 को मतदान होगा। 8 फरवरी 2025 को मतगणना होगी और इसी के साथ यह तय हो जाएगा कि दिल्ली में अगली सरकार किसकी बनने जा रही है? दुनिया के देशों में तो एक-एक महीने काउंटिंग चल रही है मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम पर यह सवाल उठाए गए कि शाम पांच बजे के बाद कैसे मतदान का आंकड़ा बढ़ जाता है? करोड़ों वोट कैसे बढ़ जाते हैं? यह ध्यान रखना होगा कि सुबह 9.30 बजे, 11.30, दोपहर 1.30, 3.30 और शाम 5.30 बजे के बीच सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान का आंकड़ा इकट्ठा करते हैं। वोटिंग खत्म होने के समय फॉर्म 17-सी दिया जाता है। जब शाम 7.30 बजे तक अधिकारी तक सारी मशीनें इकट्ठा करता है, तब उसके मतदान केंद्र का अंतिम आंकड़ा पता चल पाता है, जबकि हमसे कहा जाता है कि छह बजे ही आंकड़ा बता दें। लोग ये भूल जाते हैं कि दुनिया के बड़े देशों में तो एक-एक महीना मतगणना चल रही है। ईवीएम को नई बैटरी डालकर सील किया जाता है- उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ईवीएम में नई बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील किया जाता है। जिस दिन मतदान होता है, उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं कि कौन आया, कौन गया। किसमें कितने वोट पड़े, इसकी संख्या उनको दी जाती है। काउंटिंग के दिन भी पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है। फॉर्म 17 सी से मिलान होता है। उसके बाद किसी भी पांच वीवीपैट से भी मिलान किया जाता है। हमारी प्रक्रिया पर कई बार सवाल उठाए गए हैं। फॉर्म सात के बिना नाम नहीं हटाया जा सकता- चुनाव आयोग- चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारतीय मतदाता बेहद जागरूक हैं। मतदाता सूचियों को लेकर अब भी कहानियां चल रही हैं। करीब 70 सीटें हैं। जिसमें राजनीतिक दल और उम्मीदवार हमारे साथ रहते हैं,

टेम्परिंग के आरोप बेबुनियाद हैं। हम अभी बोल रहे हैं क्योंकि चुनाव के समय हम नहीं बोलते। अंतिम मतदाता सूची हो चुकी है जारी- चुनाव आयोग ने बीते सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। इस चुनाव में दो लाख के करीब मतदाता 18 से 19 वर्ष के हैं। वह पहली बार विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस सूची में कुल एक करोड़ 55,24,858 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाता 85,49,645 हैं, जबकि 71,73,952 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर 1,261 हैं। प्रक्रिया के तहत नाम जोड़े और हटाए जाते हैं- चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची के लिए नाम प्रक्रिया के तहत जोड़े और हटाए जाते हैं। इसके लिए फॉर्म 6 और फॉर्म सात होता है। नामों के घटाने और जोड़ने की जानकारी समय-समय पर राजनीति दलों को दी जाती है।1,67,329 नए मतदाता जुड़े-चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में एक महीने में 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक 1,35,089 मतदाताओं ने फॉर्म-6 और 83,825 ने फॉर्म-8 के तहत मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने, पता बदलने, नाम को सूची से हटाने और आपत्तियां और सुझाव के लिए आवेदन किया। चुनाव आयोग के संबंधित अधिकारियों ने सभी आवेदनों को 24 दिसंबर तक सुलझा दिया। इस तरह से अंतिम मतदाता सूची जारी होने तक 3,08,942 नए नाम मतदाता सूचियों में जुड़े। 1,41,613 नाम हटाए गए। इस दौरान कुल 1,67,329 मतदाता नए जुड़े। हर आवेदन को जांचा गया-चुनाव आयोग ने पाया की 16 दिसंबर से एक माह में 5.10 लाख नए लोगों ने अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया। ऐसा पहली बार हुआ। ऐसा तब हुआ, जबकि तय समय में तीन लाख से ज्यादा मतदाता नई सूची में जुड़ चुके थे क्योंकि ऐसा 20 दिन के भीतर हो रहा था, जब आपत्तियां, जांच का समय गुजर चुका था। यह तत्काल जांच का विषय था। सभी चुनाव पंजीकरण अधिकारियों- ईआरओ को जांच के लिए निर्देशित किया गया। हर आवेदन को जांचा गया। संबंधित अधिकारियों को सौ फीसदी सत्यापन के लिए कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### तिब्बत में 6.8 तीव्रता वाले भूकंप ने मचाई तबाही, 95 लोगों की मौत, 130 घायल

तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 95 लोगों की मौत हुई है।130 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप झटके महसूस किए जा रहे हैं।तिब्बत में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इस भीषण भूकंप में 95 लोगों की मौत हो गई। जबकि 130 लोग घायल हुए हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार मंगलवार सुबह 9-05 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.8 मापी गयी। चीन की सरकारी मीडिया मुताबिक तिब्बत के शिजांग शहर के डिंगरी काउंटी में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 95 लोगों की मौत हुई है। 130 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।इससे पहले नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही तिब्बत क्षेत्र के शिजांग में भूकंप झटके महसूस किए जा रहे हैं। यहां सुबह 6-30 बजे 7.1 तीव्रता के साथ 10 किमी गहराई पर भूकंप आया। इसके बाद 7-02 बजे 4.7 तीव्रता, 07-07 बजे 4.9 तीव्रता और 7-13 बजे पांच तीव्रता का भूकंप आया। इसके चलते लोग घरों को छोड़कर खुले स्थानों की ओर चले गए।भारत में भी महसूस किए

## सपा ने संभल हिंसा की रिपोर्ट रखी: अखिलेश यादव का बड़ा आरोप - भाजपा ने अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई



समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर संभल मामले की रिपोर्ट रखी और कहा कि जानबूझकर माहौल को खराब करने की कोशिश की गई।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई और मासूम लोगों पर अत्याचार किया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा दरार वादी पार्टी है। इन लोगों का इंसानों के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हृदयहीन पार्टी है। इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया।अफसर मनमर्जी कर अन्याय की सभी सीमाएं पार कर रहे हैं अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दो पहिये हैं एक अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। ये लोग भ्रष्टाचार के मामलों को दबाने के लिए प्रदेश में जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अधिकारी अन्याय की सभी सीमाओं को पार कर रहे हैं। ... अखिर सनातनी मुख्यमंत्री क्या कर रहे हैं- उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यूपी में हर दिन 50 हजार गायें काटी जा रही हैं और जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा के यही विधायक कह रहे हैं कि आज अगर प्रदेश में भाजपा का मुख्यमंत्री न होता तो वो सीएम आवास में घुस जाते...। मैं यही कहूंगा कि योगी आदित्यनाथ भाजपा के नहीं हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वो आएं और सीएम आवास में घुस जाएं। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर कसा तंज... वहां सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है सपा अध्यक्ष ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया।

## दुनिया में तीसरे नंबर पर होगी भारत की अर्थव्यवस्था, रक्षा मंत्री ने किया दावा; शिक्षकों से की ये अपील



माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोपहर करीब 12 बजे आगरा पहुंचे। यहां वे मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज के मैदान में सभा को संबोधित करेंगे।आगरा माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन मंगलवार को मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज के मैदान में शुरू हुआ। आयोजन में शिरकत करने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे। सम्मेलन के संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि यह प्रदेश स्तरीय 57वां राज्य सम्मेलन है।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का कद विदेशों में ऊंचा हुआ है। अंतराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात को गंभीरता से सुना जाता है। भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। आने वाले ढाई साल में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीन टॉप अर्थव्यवस्था में शामिल होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में आयोजित उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।रक्षा मंत्री ने कहा कि आर्थिक दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था 11वीं से पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। यह लगातार बढ़ रही है यही कारण है कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि अगले ढ़ाई वर्षो में भारत दुनिया की तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों पर समाज और राष्ट्र के निर्माण की जिम्मेदारी है। समय के साथ उनकी भूमिका में बदलाव आया है, लेकिन मशीनीकरण से सभ्यता और संस्कृति की शिक्षा नहीं दी जा सकती। इसके लिए विवेक और मार्गदर्शन शिक्षक पैदा करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भी जिम्मेदारी है कि समाज में उन्हें जो सम्मान है उसे बनाए रखने के लिए वे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और स्वच्छता से करें, ताकि गुरू की महत्ता बनी रहे।

## अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का एलान, सियासी हलचल तेज




अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए तारीख का एलान हो गया है। पांच फरवरी को मतदान होगा। आठ फरवरी को मतगणना होगी। उत्तर प्रदेश में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की तारीख का एलान हो गया है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा कर दी। चुनाव आयोग ने कहा कि मिल्कीपुर में पांच फरवरी 2025 को मतदान होगा। वहीं आठ फरवरी 2025 को मतगणना होगी। मिल्कीपुर में चुनाव का एलान होने के साथ ही यूपी में सियासी पारा गर्म होने लगा है। अयोध्या में लोकसभा सीट जीतने के बाद से जहां सपा फुल कान्फिडेंट है, वहीं भाजपा इस सीट पर जीत दर्ज करके हार की निराशा से उबरना चाहती है। वर्ष 2024 के नवंबर महीने में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में हार मिलने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव न लड़ने का एलान कर दिया है। ऐसे में मिल्कीपुर में सत्तासीन भाजपा और सपा में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी। यूपी में सियासी हलचल तेज- दरअसल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर सीट से सपा के अवधेश प्रसाद ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2024 में पार्टी ने उन्हें अयोध्या संसदीय सीट से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। इसमें भी अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की। इसके बाद मिल्कीपुर सीट से उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। इससे यह सीट खाली हो गई थी। अब इस पर उपचुनाव का एलान हो गया है। इससे एक बार फिर यूपी में सियासी हलचल तेज हो गई है।

संपादकीय Editorial

# Corona-like virus in China!

Has the Corona virus or a similar dangerous, deadly virus spread in China once again? Why is China silent? Will China hide the outbreak and spread of the infection this time too? The Indian government has sought clarifications on these questions from the World Health Organization. Will this organization confirm what kind of infection has spread in China and how dangerous it can prove to be for neighboring countries like India? India's 'National Center for Disease Control (NCDC) is keeping a close watch on the cases of respiratory and seasonal influenza in the country. The Joint Monitoring Committee is investigating whether any kind of virus has started affecting the country or not! However, the public is being assured that there is no situation of worry and panic at the moment. The news of the spread of 'Human Metapneumo Virus' (HMPV) infection in China has been confirmed. This virus is also being described as similar to the virus of the Corona epidemic. Some videos have been made public on TV channels, in which Chinese hospitals are seen packed to the brim. There is a huge crowd. People are wearing masks. There is an atmosphere of some screaming and some panic. There have also been reports that the series of deaths due to the virus has started in China, but no figures have been announced or verified yet. The Chinese government is silent this time too. China has rejected the reports of a large outbreak of flu in its country. Its attitude was almost the same in November 2019, when the first case of corona virus was reported in Wuhan city of China. Then it was termed as 'mysterious pneumonia'. The first death due to corona was also recorded in China. The whole world suffered the corona global pandemic and more than 71 lakh deaths occurred. In India too, about 5.5 lakh people died due to corona virus infection. This tragedy was considered 'unprecedented'. Non-governmental organizations and agencies in the world had reported the death toll many times higher. Anyway, that period of stress, fear, sting, deaths due to corona infection and economic lockdown was so horrific that we cannot forget it. Nor should we forget it. However, China has been keeping itself locked in a fortress. There are restrictions not only on the general media, social media, but also on the people that they cannot make any kind of information public. Whatever has to be said, only the Chinese government will say it. The symptoms of the virus that has spread there are also similar to Corona. High fever is being seen in people. There have also been reports of lung infection and difficulty in breathing, but the effect of this virus is being seen differently in China that the infection is spreading in children younger than 5 years of age. Children were not affected by Corona infection. Their immunity was considered strong from birth. The victims of Corona infection were older people and mostly elderly people. China has so far accepted only normal respiratory infections. The Foreign Ministry there has said that it is absolutely safe for foreigners to travel to China. According to the spokesperson, the infection is at its peak during the winter season, but diseases are spreading on a smaller scale compared to last year. However, now it is the responsibility of the World Health Organization to clarify at the international level what is the current situation of viruses like Corona in China?

# Symbol of the aspirations of Digital India, Data Protection Act will benefit everyone

The draft rules based on the principles of the Digital Personal Data Protection Act 2023 are the result of extensive inputs gathered from various stakeholders and a study of global best practices. We have set aside a 45-day period for public consultation, inviting feedback and suggestions from citizens, businesses and civil society. This digital-first approach extends to consent mechanisms and data management practices. 'When we talk about the future of the world, a human-centric approach must be paramount.' These words of Prime Minister Narendra Modi at the UN Summit reflect India's vision of putting people first. This philosophy has guided our efforts in shaping the draft Digital Personal Data Protection (DPDP) Rules, 2025. Once finalised, the Digital Personal Data Protection Act, 2023 will come into force, underlining our commitment to protect citizens' right to personal data protection. Indian citizens are at the centre of the DPDP Rules, 2025. In a world increasingly dominated by data, we believe it is imperative to put individuals at the centre of the governance framework. These rules empower citizens with a number of rights, such as informed consent, data erasure, and the ability to appoint a digital nominee. Citizens will no longer feel helpless in the face of breaches or unauthorised data use. They will have the means to effectively protect their digital identities. The rules have been designed with simplicity and clarity, ensuring that every Indian, regardless of their technical proficiency, can understand and exercise their rights. Consent is sought in clear terms and information is provided to citizens in English or any of the 22 Indian languages ??listed in the Constitution. This framework reflects our commitment to inclusivity. Children need special care in today's digital age. Recognising this, the rules mandate verifiable consent from a parent or guardian for the use of personal data of minors. Additional safeguards ensure that children are protected from exploitation, unauthorised profiling and other digital harms. These provisions reflect our dedication to building a secure digital landscape for future generations. India's digital economy has been a global success story and we are determined to maintain this momentum. Our framework ensures personal data protection for citizens while enabling innovation in the digital economy. Unlike some international models that place too much emphasis on regulation, our approach is pragmatic and growth-oriented. This balance ensures that citizens are protected and the innovative spirit that drives our startups and businesses is not stifled. The new regime will reduce the compliance burden for small businesses and startups. The rules have been designed with graded responsibilities keeping in mind the varying capabilities of stakeholders. Larger companies will have greater responsibilities based on data trust assessment, ensuring accountability without stifling growth. At the core of these rules is the philosophy of 'digital by design'. The Data Protection Board will primarily function as a digital office, tasked with resolving complaints and enforcing compliance. By leveraging technology, we ensure efficiency, transparency and speed. Citizens can also lodge complaints, monitor progress and receive resolutions without being physically present. This digital-first approach extends to consent mechanisms and data management functions. By streamlining processes, we make it easier for large companies to comply and for citizens to engage, thereby increasing trust in the system. The journey of these rules has been as inclusive as their intent. Based on the principles of the Digital Personal Data Protection Act, 2023, the draft rules are a result of extensive inputs gathered from various stakeholders and a study of global best practices. We have set aside a 45-day period for public consultation, inviting feedback and suggestions from citizens, businesses and civil society. This engagement is a testament to our belief in the importance of collective wisdom and participatory policymaking, while ensuring that the system is not only robust, but also adapts to the unique challenges of our socio-economic landscape. To ensure that citizens are aware of their rights and responsibilities, extensive awareness programmes will be organised to educate citizens about their rights related to their personal data.With the introduction of these rules, we are not only addressing the current challenges but also laying the foundation for a secure and innovative digital future. The draft Digital Personal Data Protection Rules, 2025 reflect India's leadership in shaping global data governance norms. We are setting an example by promoting a conducive environment for innovation with citizens at the centre. We are setting a benchmark for the world to follow. Our commitment is clear: to make every Indian safe, empowered and capable in this digital age. I invite and encourage every citizen, business and civil society group to participate in this dialogue by sharing comments and suggestions during the consultation period. Let us together refine these rules to create a system that truly represents the aspirations of a safe, inclusive and thriving digital India.

# Injustice against students, lesson to be learnt from paper leak

Rigging and opaqueness in competitive examinations is not only playing with the future of students who have been working hard for years but is also injustice to their entire family. Not getting a job according to talent or not getting suitable employment for talented candidates who have crossed the maximum age limit is no less than brain drain. This is another form of loss of national intellectual property. Recently, candidates are protesting in Patna demanding cancellation of the entire examination due to allegations of irregularities and paper leak in the integrated 70th combined preliminary competitive examination of Bihar Public Service Commission (BPSC). Meanwhile, due to paper leak allegations, its re-examination has been conducted at some centers in Patna. It is worth noting that during the preliminary examination of BPSC, the administration had accepted the allegations of irregularities and paper leak at a big examination center. The candidates argue that due to paper leak at one center, it must have affected the entire examination. Therefore, this entire examination should be cancelled and BPSC should conduct the examination again, so that transparency of the examination can be ensured and hardworking students can get justice. Despite the inhumane behaviour of the Bihar government to suppress the students' agitation, the candidates are still adamant on the demand for re-examination. This incident has reminded us of the violent protests by students last year due to allegations of rigging in some competitive examinations. It has been two weeks since the youth have been protesting in Patna, yet it is very unfortunate that no result has been reached. First the question papers of the competitive examination affecting the future of more than three lakh candidates were leaked, and then such a harsh attitude of the government on it is not in accordance with any healthy democracy. The investigation of the job for land scam in Lalu's rule was not even completed yet and allegations of irregularities in teacher recruitment, community health officer etc. examinations last year are not a good sign. If we talk about the credibility of competitive examinations in the country, then this is not only an issue of one state, but the examinations conducted by the Center are also not free from rigging. Considering the increasing number of candidates every year, it is a big challenge to successfully evaluate lakhs of candidates on the basis of a single standard at the same time. In such a situation, even a small mistake deliberately made by negative elements spoils the hard work of the administration and the candidates at once. Even after being caught, due to lack of strict laws, there is not much punishment, due to which recruitment mafia and solver gangs have become very active in the recent times. Due to this, recently the government has taken a positive initiative for a safe examination system. It has made a strict law to punish those involved in crimes like paper leak of various recruitment examinations. In this, there is a provision of life imprisonment and a fine of one crore rupees for the culprits. Rigging and opaqueness in competitive examinations is not only playing with the future of students who have been working hard for years, but it is also injustice to their entire family. Not getting a job according to talent or not getting suitable employment for talented candidates who have crossed the maximum age limit is no less than brain drain. This is another form of loss of national intellectual property. Then the social injustice that arises as a result of this cannot be ignored. If candidates below the prescribed standards are appointed, then desirable efficiency, honesty and credibility can never be expected from that post. From this we can understand how serious this problem is, but the sad thing is that instead of giving positive suggestions on such serious matters, people are trying to gain political mileage. In making examinations free from malpractice, the important role of not only the ruling party and the opposition, but also the concerned administrative system cannot be ignored. Therefore, it is their moral responsibility to play a role in maintaining the credibility and dignity of the means through which they themselves have reached a position. If seen, today the face of India has changed a lot in the fields of technology, transportation, infrastructure etc. Still, the system of examination system in the country is still far behind in the race to adopt them. We should make proper use of them to develop a leak-proof and transparent examination system. In the absence of a transparent and leak-proof examination system, neither the concept of social justice can be fulfilled nor the country can become developed by 2047. Considering the increasing number of candidates every year, it is a big challenge to successfully evaluate lakhs of candidates on the basis of a single standard at the same time. In such a situation, even a small mistake deliberately made by negative elements spoils the hard work of the administration and the candidates at once. Even after being caught, due to lack of strict laws, there is not much punishment, due to which recruitment mafia and solver gangs have become very active in the recent times. Due to this, recently the government has taken a positive initiative for a safe examination system. It has made a strict law to punish those involved in crimes like paper leak of various recruitment examinations. In this, there is a provision of life imprisonment and a fine of one crore rupees for the culprits. Rigging and opaqueness in competitive examinations is not only playing with the future of students who have been working hard for years, but it is also injustice to their entire family.

# संविधान गौरव अभियान महत्वपूर्ण, इसे उत्सव के रूप में मना रही भाजपा

## संविधान गौरव अभियान को लेकर भाजपा के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर हुई कार्यशाला

मुरादाबाद- संविधान गौरव अभियान को लेकर कार्यशाला मंगलवार को भाजपा के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे पार्टी जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि संविधान गौरव अभियान काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को तैयार रहना है। जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि संविधान गौरव अभियान 11 से 25 जनवरी तक प्रदेश स्तर पर चलेगा। इसमें मुरादाबाद की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। बताया कि भारत के संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। भाजपा इसे संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रुप में मनाएगी। अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्य का जन-जन तक लेकर जाना है। संविधान महोत्सव के इस अभियान के द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। जिला प्रभारी ने कहा कि इसमें टोली गठन एवं अभियान की तैयारी के लिए एक संयोजक एवं तीन सहसंयोजक रहेंगे। जिला स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समूह के प्रबुद्धजन और विशेष जन की सूची तैयार की जाएगी। 12 से 15 जनवरी तक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार के मंत्री और पार्टी के अन्य नेता संबोधित करेंगे। 11 से 25 जनवरी में जिला कार्यालय पर अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठी की जाएगी। 15 से 25 जनवरी तक स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और सभी शिक्षण संस्थानों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। 18 से 25 जनवरी युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासों एवं कॉलेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा। 20 से 25 जनवरी तक अनुसूचित जाति वाले क्षेत्र में रैली एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी को सभी बूथ व मंडल पर पार्टी के कार्यकर्ता आमजन के साथ एकत्रित होकर के भारतीय संविधान के प्रस्ताव एवं नीति निर्देशक तत्व को पढ़ेंगे व संक्षिप्त चर्चा करेंगे। अनुसूचित जाति समाज के प्रभावशाली लोगों से संपर्क करते हुए हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के व्यक्तित्व पर एवं मोदी सरकार द्वारा इस संबंध में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के कंटेट पोस्ट करेंगे। कार्यशाला में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, सुरेश सैनी, गो रक्षा सेवा समिति के सदस्य दीपक गोयल, कुशल संचालन जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने किया। जिला महामंत्री राजन विश्नोई, हर ज्ञान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, आचार्य नरेंद्र, चौधरी ऋषिपाल सिंह, जिला मंत्री अभय चौधरी, चकित चौधरी, नवीन चौधरी, मोर्चा के अध्यक्ष अरुण पंडित, सत्येंद्र चौधरी, देवराज सिंह जाटव, आदित्य शंखधर, क्षेत्रीय संयोजक भजनलाल पाल, धर्मपाल विश्नोई, लकी चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, डॉ. राम किशोर सिंह, रमन भूषण, दीपक चौधरी, अरविंद पुंडीर, आदिमंडल अध्यक्ष, सिंपल चौहान, पूजा राघव, सुनीता रानी, कशिश चौहान आदि मौजूद रहे।




# नगर निगम बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा, भाजपा पार्षद ने सपा विधायक पर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप मढ़ा

### काफी शोर शराबा व हंगामे को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों को सदन में आना पड़ा, महापौर ने अनिश्चित काल के लिए बैठक स्थगित करने की घोषणा की

मुरादाबाद- नगर निगम बोर्ड की बैठक लंबे समय बाद मंगलवार को टाउनहॉल स्थित कार्यालय सभागार में हुई। इसमें मुरादाबाद देहात के सपा विधायक नासिर कुरैशी के द्वारा अपने विस क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले नगर निगम के वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव रखने पर भाजपा के पार्षद ने विधायक पर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप मढ़ा। इस पर सपा समेत पूरे विपक्ष के पार्षदों ने विरोध किया। बाद में दोनों तरफ से आरोप प्रत्यारोप के बीच जमकर हंगामा हुआ। सुरक्षा कर्मियों को अंदर आना पड़ा। बाद में सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की दी गई। नगर निगम बोर्ड की इस साल की पहली बैठक में मुरादाबाद देहात के विधायक नासिर कुरैशी ने अपने विस क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले नगर निगम के वार्डों में कार्यों को रखा। उन्होंने सड़क और नाला निर्माण की बात उठाई। वार्ड 70 और वार्ड 42 में सड़क और नाला निर्माण कराने की मांग रखी। उन्होंने वार्ड 40 नवाबपुरा में चौराहे पर बड़ा कूड़ाघर से लोगों को हो रही असुविधा को उठाया। इसे निस्तारित कराने का सदन के माध्यम से बात उठाई। इस पर भाजपा पार्षद अजय तोमर ने मुरादाबाद देहात के विधायक पर उनके विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम के वार्डों में उनके द्वारा विकास कार्यों की उपेक्षा करने का तीखा आरोप लगाया। उनकी बात का समर्थन कुछ अन्य भाजपा पार्षदों ने की। अजय तोमर के आरोप को सपा विधायक ने निराधार बताया। लेकिन पार्षद यही नहीं रुके वह लगातार बोलते हुए विधायक पर आरोप मढ़ते चले गए। इस पर सपा सहित कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्षद विधायक के समर्थन में खड़े हो गए। दोनों ओर के पार्षदों के बीच काफी देर तक हंगामा और नोकझोंक चलता रहा। बात बहुत बिगड़ने की नौबत आने पर बाहर सुरक्षा में लगे कर्मी भी अंदर सदन में आ गए। इस बीच भी हंगामा जारी रहा। विपक्ष के पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। विधायक भी विपक्षी पार्षदों के साथ ही सदन से बाहर निकलने लगे। मामला काफी बढ़ता देखकर महापौर विनोद अग्रवाल ने सदन की बैठक अनिश्चितकाल के स्थगित करने की घोषणा कर दी। इसके बाद सभी पार्षद और निगम के अधिकारी आदि बाहर निकले। महापौर और नगर आयुक्त भी अपने कक्ष में चले गए। कर वसूली में भेदभाव के आरोप पर भी हुआ हंगामा-नगर निगम बोर्ड की बैठक में वार्ड 40 नवाबपुरा के पार्षद भारतीय परवेज इस्लाम ने मुसाफिर खाना के सीज होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि छोटे बकाएदारों का उत्पीड़न कर बड़े बकाएदारों को बचाया जा रहा है। उनकी बात का अन्य पार्षदों ने भी समर्थन किया। इस पर महापौर के द्वारा जवाब मांगे जाने पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह ने बताया कि 30 लाख रुपये के बकाये में कारवाई की गई है। इसमें से केवल 3 लाख रुपये जमा किया गया था। जिसके चलते कारवाई हुई है। इस पर पार्षद ने एक बड़े बकाएदार के ऊपर 7 करोड़ रुपये बकाया होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की बात पर दोनों पक्षों के पार्षदों ने अधिकारियों पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। इस पर भी खूब हंगामा हुआ। महापौर ने भी भेदभाव पूर्ण कार्रवाई पर आपत्ति जताई। इस पर नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त प्रथम ने बताया कि मिडटाउन क्लब का मामला न्यायालय में चल रहा है। उनके अन्य संपत्तियों पर बकाए कर की वसूली उन्होंने कराई है।









## संक्षिप्त समाचार

### महिला पर जानलेवा हमले में तीन भाइयों को 10-10 साल का कारावास, जुर्माना भी लगाया

#### 16 साल पुराने मामले में कोर्ट ने सोमवार को सुनाया फैसला

मुरादाबाद- जनपद संभल में महिला पर जानलेवा हमला करने में कोर्ट ने तीन भाइयों को 10-10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। मुरादाबाद में एडीजे-13 जितेन्द्र सिंह ने साक्ष्य के आधार पर दोषी मानते हुए प्रत्येक पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। थाना हयातनगर जोकि अब संभल जिला में ग्रामीण महिला पर लाठी-कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला 31 अगस्त 2008 का है। हयातनगर थाने के गांव लहार शीश निवासी गामा सिंह ने यह मुकदमा कायम कराया था। तहरीर में कहा गया कि गांव के मलखान सिंह ने अपनी भैंस चुगने के लिए गामा सिंह के बाजरे के खेत में छोड़ दी। वादी ने इसका विरोध किया। इस पर खफा मलखान सिंह अपने दोनों भाई हरदेव व महीपाल सिंह को बुला लाया। लाठी-कुल्हाड़ी लिए तीनों भाइयों ने गामा व उसकी पत्नी कृष्णा पर हमला कर किया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने जानलेवा हमले में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। केस की सुनवाई एडीजे कोर्ट-13 में चली। लंबी सुनवाई करते हुए अदालत ने वादी व चश्मदीद गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों को दोषी करार दिया। अपर डीजीसी मुनीश भटनागर ने बताया कि अदालत ने दोषी भाइयों को 10-10 साल की सजा और 35-35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### जल्द पूरा होगा कपूर कंपनी पुल का निर्माण, बढ़ेगी ट्रेनों की स्पीड

#### दलपतपुर में बन रहा गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का भी निर्माण होगा जल्द पूरा

मुरादाबाद- इस साल रेल मंडल में संचालित कई योजनाओं के पूरा होने की उम्मीद है। जिसमें मुख्य रूप से शहर को लाइनपार से जोड़ने वाला कपूर कंपनी पुल और दलपतपुर में बन रहा गति शक्ति कार्गो टर्मिनल शामिल है। इसके अलावा यात्रियों को ट्रेनों के हाईस्पीड होने का भी फायदा मिल सकेगी। जिसमें गाजियाबाद- मुरादाबाद रूट पर ट्रेनें 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने की तैयारी की जा रही। इस सेक्शन में ट्रैक व सिग्नल का काम तेजी से चल रहा है।



वहीं अमृत भारत योजना के तहत संवारे जा रहे बिजनौर, धामपुर कई स्टेशन नए रूप में दिखेंगे। इन स्टेशनों पर यात्रियों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेगी। साल शुरू होने के बाद मुरादाबाद मंडल में कई परियोजनाओं को आकार मिलने की उम्मीद है। एक साल पहले शुरू हुए कपूर कंपनी के नए पुल का निर्माण इस साल मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य तय है। इस पुल से लाइनपार सीधे शहर से जुड़ जाएगा। इसके अलावा दलपतपुर गति शक्ति टर्मिनल के पूरा होने से कारोबारियों को माल भेजने में सहूलियत होगी। टर्मिनल बनने से मुरादाबाद व उत्तराखंड के निर्यातक व कारोबारियों को माल लोडिंग अनलोडिंग की सुविधा होगी। योजना कामयाब रही तो इस साल ट्रेनों को तेज रफ्तार से चलाया जा सकेगा। गाजियाबाद-मुरादाबाद रूट पर अभी 110 किमी की स्पीड है। रेलवे इस सेक्शन पर 130 की रफ्तार से ट्रेनें चलाने की तैयारी में है। रेल प्रशासन की माने तो इस सेक्शन में सिग्नल और ट्रैक का काम तेज है। गाजियाबाद से सीतापुर तक ट्रैक हाईस्पीड होगा। जिससे ट्रेन से समय की बचत होगी। नए रूप में दिखेंगे रेलवे स्टेशन-रेलवे ने पहले 15 स्टेशनों को अमृत भारत में चिह्नित किया था। पिछले साल शुरू हुए स्टेशनों को संवारने का काम अब पूरा हो रहा है। जिनमें से बिजनौर व धामपुर स्टेशनों के पुनर्विकसित करने का काम तेजी से चल रहा। बिजनौर स्टेशन को संवारने का काम लगभग पूरा हो चुका है। रेल प्रशासन का कहना है कि इस साल में बिजनौर, धामपुर व रुड़की स्टेशन जल्द नये रूप में नजर आएंगे।मुरादाबाद रेल मंडल में कई योजनाएं संचालित हैं। दलपतपुर में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल, कपूर कंपनी पर नये पुल का काम कर लिए जाएंगे। इसी साल अमृत भारत योजना में स्टेशन पुनर्विकसित हो जाएंगी। बिजनौर स्टेशन के भवन का नए सिरे से निर्माण संवारा गया है। जबकि मुरादाबाद-गाजियाबाद रूट पर 130 किमी स्पीड से ट्रेन चलाए जाने को लेकर काम चल रहा है।- आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल एम.एल.सी. बिछेलाल राजभर जी का प्रथम बार जनपद मुरादाबाद आगमन हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद जिला अध्यक्ष/मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी ने एवं उनके पदाधिकारीओ ने एम.एल.सी. बिछेलाल राजभर जी का काफी हर्षोल्लास से स्वागत किया। दरअसल, मंगलवार को मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुँचे सुभासपा एम.एल.सी. बिछेलाल राजभर जी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती पर जोर दिया, कहा कि सुभासपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान दें, क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। कार्यकर्ता के बिना पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है। एम. एल. सी. साहब जब ने जिला कार्यालय मुरादाबाद की



प्रशंसा करते हुए कहा कि मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष रवि चौधरी की कार्यकारिणी टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है और कहा कि आने वाले चुनाव में मुरादाबाद से एक विधायक जरुर बनेगा। एम.एल.सी. बिछेलाल राजभर जी के समक्ष मुरादाबाद जिलाध्यक्ष रवि चौधरी जी ने जनपद मुरादाबाद की जनता के साथ हो रही जन समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें एम.एल.सी. बिछेलाल राजभर जी ने मीडिया कर्मी से बात करते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को पारित हुई योजना जीरो - पॉवर्टी योजना का मुख्?य लक्ष्?य जिले से गरीब व्यक्तियों का चयन कर उन्हें सरकार की योजना का लाभ दिलाना है। शासन की मंशा है कि गरीब परिवार को 10 हजार रुपये मासिक आमदनी का न्?यूनतम रोजगार उनके लिए उपलब्?ध हो सके। जल्द ही जिले में सर्वे का काम पूरा करा लेने के बाद पात्र परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा और इसकी अंतिम तिथि को को बढ़ा दिया गया है, जिससे कोई भी गरीब परिवार अपना आवेदन जीरो - पॉवर्टी योजना कर पाएगा। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री अमित चौधरी, जिला महासचिव आकाश शर्मा , जिला सचिव अशोक सैनी, राहुल ठाकुर कोषाध्यक्ष, जिला कार्यालय प्रभारी प्रशांत सिंह, आशु , उमा आर्य सूचना मंत्री, हर्ष गौतम, प्रिंस लखन ठाकुर, प्रियम सहगल, मोनू सैनी, दीपांशु सैनी, रोहित सैनी, हीरालाल सैनी, नरेंद्र सिंह जिला महासचिव, गौरव कुमार प्रमुख महासचिव, जतिन राय, मोहन राधे, अंकित चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।।

# पंचमंदिर आंगनबाड़ी के पोषण वाटिका से मिल रहा बच्चों को पौष्टिक आहार, हो रहा शारीरिक और मानसिक विकास

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जनपद अन्तर्गत पंच मंदिर आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनिता ठाकुर एवं सहयोगियों द्वारा उन्नत रूप में पोषण वाटिका का विकास किया गया है। इस



पोषण वाटिका में विभिन्न प्रकार की सब्जियां आलू, लालभाजी, पालक भाजी, मूली, धनिया, लहसुन, गोभी, सरसों, बैंगन, मसूर आदि का उत्पादन किया जा रहा है। इस पोषण वाटिका से प्रतिदिन बच्चों और महिलाओं को न केवल ताजी बल्कि पौष्टिकता से भरपूर सब्जियां मिल रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री अनिता ने बताया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र में उनके और उनकी पुत्री तथा सहयोगियों द्वारा पोषण वाटिका का विकास किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र में 06 महीने से 03 वर्ष के 42 बच्चे, 03 से 06 वर्ष के 24 बच्चे, 07 गर्भवती महिलाएं और 05 शिशुवती महिलाए पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन उनके द्वारा बच्चों को सलाद, ताजी हरी सब्जी भोजन के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिका से पौष्टिक आहार लेने से बच्चे न केवल भोजन बेहद रुचि से ग्रहण करते है बल्कि उनके शरीर पर भी भोजन का बेहद अच्छा प्रभाव पड़ता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री अनिता ठाकुर ने बताया कि वे 03 से 06 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण वाटिका के पौष्टिक तत्वों से युक्त सब्जियों का लाभ प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 03 से 06 वर्ष के बच्चों का देख रेख किया जाता है। उनके पढ़ाई लिखाई और खेलकूद पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता है। बच्चों के माता पिता को भी उनके द्वारा अच्छी खान पान के साथ उचित स्वास्थ्य देखभाल हेतु जागरूक किया जाता है। आंगनबाड़ी में उनके द्वारा बच्चों का समय पर टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, खानपान के सम्बन्ध में जागरूक किया जाता है।

# परमार्थ संस्थान संस्था के द्वारा आज कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया

क्यूँ न लिखूँ सच -श्याम जी कश्यप

फरूखाबाद उत्तर प्रदेश- फर्रुखाबाद के सधबाड़ा मोहल्ला में स्थित चौकी साधान में केशव भान साध पूर्व सभासद की संस्था के द्वारा वितरण का किया गया जानकारी वरिष्ठ साध द्वारा दी वितरण वर्षों से चलता कम्बल वितरण द्वारा जो फूड साल पहले 7 शुरू की गई थी




परमार्थ संस्थान आज कम्बल कार्यक्रम आयोजित इसकी विस्तृत समाज सेवी अमर गई ये कम्बल कार्यक्रम विगत 20 आ रहा है इस बार का कार्यक्रम संस्था बैंक आज से 2 जनवरी 2022 को जिसकी अपार सफलता के बाद आज के दिन ही कम्बल वितरण का प्रोग्राम रक्खा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फर्रुखाबाद की जेल के सुपरिटेंडेंट श्री भीम सेन मुकुंद जी ने अपना अमूल्य समय दिया और गरीबों को कम्बल वितरित किये। इस नेक और महाती कार्य में जवाहर सिंह गंगवार, विद्यानंद, श्याम बाबू, लक्ष्मण सिंह, कोमल पाण्डे, भईयान मिश्रा, राकेश सक्सेना, मनोज यादव, राबिन शाह अंकित साध, कान्जी साध, जितेंद्र साध, संतोष साध, जैस साध, दिनेश साध ,अप्पन साध, परविंदर साध, सुकेश साध, प्रेमी साध, संजीव साध बबलू साध, सनी साध गुलशन साध आदि मौजूद रहे।

# पत्नी ने अपने आशिक़ के साथ मिलकर ड्यूटी से लौट रहे पति को तमंचे के बल पर लूटा और जान से मारने की कोशिश की

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। तडके अपने साथी के साथ ड्यूटी कर लौट रहे युवक को कुछ दबंग लडक़ों ने घेर लिया और तमंचे के बल पर जान से मारने



नियत से उसे झाडियों में ले गए। जहां पहले से बैठे उनके साथियों ने युवक व उसके सहकर्मी पर हमला कर दिया। सहकर्मी ने किसी तरह अपने आप को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। इस दौरान आरोपियों ने युवक से उसकी सोने की चेन, कुंडल , चांदी का कड़ा और जेब में पड़े 15 सौ रुपये लूट लिए। साथी के शोर मचाने पर आरोपी युवक को छोडक़र भाग गए। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने युवक की तहरीर पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना सुभाषनगर के पटेल बिहार निवासी दनिश सक्सेना पुत्र राकेश कुमार सक्सेना ने बताया कि वह कोजेंट कंपनी में टीम मैनेजर के पद पर काम करते हैं। आज सुबह वह 5 बजे के समय अपनी ड्यूटी कर अपने सहकर्मी अभिषेक कश्यप के साथ वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह सुभाषनगर थाने से कुछ दूर पहुंचे तभी उनको प्रदीप उपाध्याय ने तमंचे के बल पर रोक लिया। दनिश व अभिषेक को प्रदीप और अर्जुन के साथ आए अन्य साथियों ने पकड़ कर वहां मौजूद झाडियों में ले गए। वहां मौजूद प्रदीप ,अर्जुन व उनके साथियों ने मिलकर दोनों पर चाकूओं से हमला कर दिया। इस दौरान अभिषेक ने अपने आप को आरोपियों के चंगुल से बचाकर शोर मचाना शुरू कर दिया। प्रदीप व अर्जुन प्रजापति ने चाकूओं से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस दौरान दनिश के गले में पड़ी सोने की चेंन, कुड़ल चांदी का कड़ा और 15 सौ रुपये लूट लिए। पीड़ित ने तुरंत ही अपने साथ हुए हादसे की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने विकास खंड क्यारा की ग्राम पंचायत उमरसिया में स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर शीतकालीन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- आश्रय स्थल पर पर्याप्त शीतकालीन व्यवस्थाएं ना होने एवं गंदगी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने पर साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं के संबंध में दिये जिलाधिकारी रविन्द्र खण्ड क्यारा के ग्राम अस्थाई गौ आश्रय शीतकालीन लिया। निरीक्षण के



दिये निर्देश आश्रय स्थल समस्त शीतकालीन सुनिश्चित कराए जाने आदि आवश्यक दिशा निर्देश - कुमार ने आज विकास पंचायत उमरसिया में स्थित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा समय गौ आश्रय स्थल पर पर्याप्त शीतकालीन व्यवस्थाएं ना होने एवं गंदगी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा आश्रय स्थल पर साफ-सफाई एवं समस्त शीतकालीन आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाया कि अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में साफ-सफाई, गायों को ठंड से बचाव हेतु इंतजाम तथा पीने योग्य पानी आदि व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों को साफ-सफाई बेहतर करने और गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु प्लास्टिक के अलावा जूट के बोरे आदि का उपयोग करके पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी क्यारा, पशु चिकित्सा अधिकारी, गौशाला के कर्मचारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।।

# 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में सूरजपुर क़ी प्रतिमा प्रजापति ने लहराया परचम

क्यूँ न लिखूँ सच

